# तीन दिवसीय जिला स्तरीय हस्तशिल्प प्रदर्शनी का शुभारंभ



चूरू में तीन दिवसीय हस्तशिल्प प्रदर्शनी का शुभारंभ विधायक हरलाल सहारण, जिला प्रमुख वंदना आर्य, प्रधान दीपचंद राहड़ एवं ए.डी.एम. उत्तम सिंह शेखावत ने किया।

**चूरू, (कासं)।** राज्य सरकार की एक सौ दिवसीय कार्ययोजना के तहत हस्तशिल्पियों को पहचान दिलाने के लिए जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र की ओर से जिला मुख्यालय स्थित मातुश्री गोइन्का टाऊन हॉल में तीन दिवसीय जिला स्तरीय हस्तशिल्प प्रदर्शनी के पहले दिन हस्तशिल्पियों की विभिन्न कलाकृतियों ने अतिथियों एवं आमजन का मन मोह लिया।

इस दौरान प्रदर्शनी में आए लोग चंदन शिल्पियों की कलाकृतिया, पेंटिंग्स, भव्य फर्नीचर उत्पादों को निहारते नजर आए। प्रदर्शनी का शुभारंभ विधायक हरलाल सहारण, जिला प्रमुख वंदना आर्य, प्रधान दीपचंद राहड़ एवं

**■ हस्तशिल्पियों के कलात्मक उत्पादों ने मन मोहा**

एडीएम उत्तम सिंह शेखावत ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि राज्य सरकार उद्यमियों और हस्तशिल्पियों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में समुचित प्रयास किए जा रहे हैं।

उन्होंने जिले के विभिन्न हस्तशिल्पियों की सराहना करते हुए कहा कि चूरू के चंदन कलाकारों ने पूरे विश्व में अपनी कलाकृतियों से ख्याति प्राप्त की है। विधायक ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित आमजन से अपील करते हुए कहा कि रोजमर्रा के उत्पाद जो हस्तशिल्पियों द्वारा बनाये जा रहे हैंए वे स्थानीय दस्तकारों से ही खरीद कर प्रयोग उपयोग में लें।


कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही जिला प्रमुख वंदना आर्य ने कहा कि जिले के दस्तकारों के उत्पादों को पहचान दिलाने के लिए हस्तशिल्प प्रदर्शनी का आयोजन एक अनूठी पहल है। विशिष्ट अतिथि प्रधान दीपचंद राहड़ ने उपस्थित हस्तशिल्पियों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी और कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा लॉन्च की गई पीएम विश्वकर्मा योजना सहित विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाएं। विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त कलेक्टर उत्तम सिह शेखावत ने उपस्थित आमजन से कहा कि विश्वकर्मा कामगार कल्याण योजना में आवेदन कर सरकार द्वारा दी जाने वाली टूलकिट की राशि पुनर्भरण में प्राप्त करें। इस दौरान सहायक निदेशक जनसंपर्क कुमार अजय, कमिश्नर अभिलाषा सिंह, आत्मा के परियोजना निदेशक दीपक कपिला, ओम सारस्वत, नरेंद्र कंवल, विमला गढ़वाल, दौलत तंवर, रामगोपाल सुथार आदि मंचस्थ रहे। उद्योग महाप्रबंधक नानूराम गहनोलिया ने अपने संबोधन में अतिथियों का स्वागत किया और प्रदर्शनी के बारे में विस्तार से बताया। जिला साक्षरता अधिकारी ओम फगेड़िया ने नव साक्षरों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। नव साक्षरों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस दौरान रीको आरएच एस.के.गुप्ता, उद्योग विभाग की सहायक निदेशक उजाला, पार्षद राजकुमार सारस्वत, विनोद कुमार जांगिड़, मनोज गढ़वाल, भंवर लाल रूयल, एक्सईएन पूर्णिमा, अनिल रजन्यंश सहित अधिकारी. जनप्रतिनिधि, नागरिक मौजूद थे।

## युवक का अपहरण कर बेरहमी से पीटा

**खेतड़ी, (निसं)।** खेतडी थानाधिकारी भंवर लाल कुमावत ने बताया कि पनियाला थाना क्षेत्र से जैनपुर वास निवासी नरेश घांघल( 21 ) का देर शाम को गाड़ी में सवार होकर आए कुछ युवक अपहरण कर ले गए।

युवक का अपहरण होने की सूचना पर पनियाला पुलिस ने आसपास के क्षेत्र में नाकाबंदी करवाई तथा इसकी आसपास के थानों की सूचना दी गई। इसी दौरान रात दस बजे 108 एंबुलेंस के कर्मचारियों को सूचना मिली कि पपुरना के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के पास एक युवक घायल अवस्था में पड़ा हुआ है। जिसकी सूचना पर एंबुलेंस के पायलट सुनील कुमार व ईएमटी निखिल सैनी मौके पर पहुंचे तथा घायल युवक को खेतडी के राजकीय उप जिला अस्पताल में पहुंचाया गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जानकारी जुटाई तो सामने आया कि जैनपुर वास निवासी नरेश घांघल को कुछ युवक गाड़ी में डालकर ले आए तथा बेरहमी से पीटकर पपुरना के पास पटक गए। मामले की जानकारी पनियाला पुलिस को दी गई। जिसकी सूचना पर पनियाला थानाधिकारी मोहर सिंह मीणा राजकीय अजीत अस्पताल पहुंचे। इस दौरान घायल नरेश घांघल ने पुलिस को दिए पर्चा बयान में बताया की उसे बंधा की ढाणी निवासी कुलदीप, सीकर निवासी सुरेश पंडित, माधोगढ़ निवासी धोला गुर्जर व दो अन्य व्यक्ति उठा कर ले आए थे। इसके बाद आरोपियों ने रास्ते में उसके साथ बेरहमी से मारपीट कर पपुरना के पास डाल गए। पीड़ित नरेश की हालत गंभीर होने पर राजकीय अजीत अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद नीमकाथाना रेफर कर दिया गया।

# राजर्षि राज वर्मा ने झुंझुनूं एस.पी. का कार्यभार संभाला



राजर्षि राज वर्मा ने झुंझुनूं एस.पी. के पद पर ज्वाइन किया।

**झुंझुनूं, (निसं)।** युवा आईपीएस राजर्षि राज वर्मा ने सोमवार देर शाम को झुंझुनूं एसपी के पद पर ज्वाइन किया। झुंझुनूं पहुंचते ही सिकाउ यूनिट के प्रभारी एएसपी लादूराम मीणा, सीओ सिटी शंकरलाल छाबा, शहर कोतवाल पवन चौबे और प्रशासनिक अधिकारी एसपी पीए अशोक शर्मा ने राजर्षि राज वर्मा का स्वागत किया।

इस मौके पर राजर्षि राज वर्मा ने कहा कि झुंझुनूं को लेकर उन्होंने पॉजीटिव चीजें सुनी है। एजुकेशन हब के रूप में झुंझुनूं की पहचान है। वहीं पूरे देश में अलग-अलग फिल्ड में यहां के लोग नाम रोशन कर रहे है। बात चाहे आर्मी की हो या फिर सिविल सर्विसेज की। उन्होंने कहा कि बात पुलिसिंग की है तो थानेवाइज जाकर ना केवल पुलिस अधिकारियों से बात करेंगे। बल्कि आमजन से बात करेंगे।

बेहतर पुलिसिंग की योजना बनाकर उसका क्रियान्वयन किया जाएगा। इस मौके पर उन्होंने कहा कि बीट प्रणाली को प्रभावी बनाने के लिए सभी प्रयास करेंगे। क्योंकि बीट पुलिस की बेक बोन है, फाउंडेशन है। यदि बीट प्रणाली प्रभावी रूप से काम करें और मजबूत सिस्टम हो तो अपराध नियंत्रण में सहयोग मिलता है। तो वहीं अपराध होने के बाद भी उसके खुलासे में सहयोग मिलता है।उन्होंने कहा कि पुलिस का आसूचना तंत्र बीट से आता है। जिससे कानून व्यवस्था को मजबूत बनाया जा सकता है। मजबूत कानून व्यवस्था से अपराध नियंत्रण होता है। उन्होंने बताया कि टोंक में भी इस पर फोकस था और बीट को मजबूत करने पर काफी हद तक कामयाब भी रहे।

इस मौके पर राजर्षि राज वर्मा ने कहा कि झुंझुनूं हरियाणा बॉर्डर से साथ लगता जिला है। इंटर बॉर्डर जिलों की अपनी समस्याएं होती है। जिसमें तस्करी प्रमुख है। इसलिए वे खुद हरियाणा बॉर्डर के दौरा करेंगे। बॉर्डर को किस तरह मजबूत किया जा सकता है। इसकी ना केवल योजना बनाएंगे। बल्कि प्रभावी क्रियान्वयन भी करेंगे।

वहीं लोकसभा चुनावों को लेकर उन्होंने कहा कि हाल ही में पुलिस ने विधानसभा चुनाव करवाए है। ऐसे में चुनाव के प्रोटोकॉल और एसपीओ से काफी हद तक अवगत है। फिर भी वे आश्वस्त करना चाहते है कि झुंझुनूं में लोकसभा चुनाव शांति से, फ्री और फेयर होंगे। इस मौके पर राजर्षि राज वर्मा ने बताया कि झुंझुनूं कलेक्टर चिन्मयी गोपाल के साथ उन्होंने टोंक में भी काम किया था। टोंक में पुलिस और प्रशासन की टीम ने मिलकर काफी अच्छा काम किया जो लोगों द्वारा भी सराहा गया।

## ई-मित्र तीन साल के लिए ब्लैक लिस्टेड

**सादुलपुर, (निसं)।** सूचना प्रोद्योगिकी और संचार विभाग ब्लॉक राजगढ की ओर से शहर में संचालित ई-मित्र कियोस्क का निरीक्षण किया गया तथा जांच के दौरान फर्जी प्रमाण पत्र तथा फर्जी मोहर आदि भी बरामद की गई।

निरिक्षण दल में सूचना प्रोद्योगिकी और संचार विभाग राजगढ के प्रोग्रामर

**■ जांच के दौरान फर्जी प्रमाण पत्र तथा फर्जी मोहर बरामद**

तरुण कुमार उपाध्याय ने बताया कि लगातार मिली शिकायतों की जांच के बाद नत्थुराम (इंडियन फोटो स्टेट, लोनी प्लाजा, एस.बी.आई. बैंक के नीचे का निरिक्षण किया गया तथा निरिक्षण के दौरान कियोस्क द्वारा फर्जी प्रमाण पत्र बनाया जाना और फर्जी मोहरों का इस्तेमाल करके दस्तावेज तैयार करना पाया गया। जिस पर सम्बंधित कियोस्क पर कार्यवाही करते हुए जिला कलेक्टर द्वारा ई-मित्र को स्थायी रूप से बंद करते हुए तीन वर्ष हेतु ब्लैकलिस्टेड कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि पोर्टल पर मिली शिकायत के बाद उक्त कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि ऐसी शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर सूचना सहायक विकास कुमार व रोशन कुमार निरीक्षण दल में शामिल थे।

## खाटूश्यामजी लक्खी मेले की तैयारियों की बैठक ली

**सीकर, (कासं)।** आगामी 11 मार्च से शुरू होने वाले बाबा खाटूश्यामजी के लखी मेले की पूर्व तैयारी के संबंध में जिला कलेक्टर कमर चौधरी की अध्यक्षता में मंगलवार को मेला मजिस्ट्रेट कार्यालय खाटूश्यामजी में बैठक आयोजित की गई।

इस दौरान मेले की पूर्व तैयारियों की विस्तार से समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि बिजला,पानी और सड़क एवं सुरक्षा से जुड़े विभाग जल्द से जल्द समस्याओं को दूर करें जिससे कि मेले के दौरान श्रद्धालुओं को किसी तरह की कोई परेशानी नहीं हो।

बैठक में निर्णय किया गया है कि मेले में इस बार भक्त 8 फीट से ऊंचा निशान नहीं लेकर आएं ताकि कोई हादसा नहीं हो। इत्र की कांच की शीशी बेचने पर पूर्णतया प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया गया। मेले में आने वाले श्रद्धालु अपने जूते.चप्पल गाड़ी में ही खोलकर आने के संबंध मैं व्यापक प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए। वहीं चिकित्सा विभाग को निर्देश दिए गए हैं कि मेले के दौरान जो भी प्राइवेट कैंप लगाए जाते हैं उनकी पूरी मॉनिटरिंग कर स्वास्थ्य कार्मिकों की डिग्री जांच करें। रेंडम सेंपलिंग कर खाद्य वस्तुओं की गुणवत्ता की जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा की रसद विभाग टीम बनाकर दुकानों पर जांच करें की एमआरपी से ज्यादा राशि नहीं वसूली जाए।

बैठक में जिला पुलिस अधीक्षक भुवन भूषण यादव, एडीएम ओमप्रकाश बिश्नोई, दांतारामगढ़ एसडीएम गोविंद भींचर, डीएसपी महावीर सिंह, तहसीलदार महिपाल सिंह, डीएलसीईओ राकेश कुमार लाटा, एसई पीडब्ल्यूडी प्रहलाद सिंह, एसई पीएचईडी चुनीलाल भास्कर, खाटूश्यामजी थानाधिकारी राजाराम लेगा, मंदिर कमेटी के व्यवस्थापक संतोष कुमार शर्मा सहित जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारीए श्याम मंदिर कमेटी के सदस्य उपस्थित रहे।

## लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर कार्यशाला आयोजित

**चूरू, (का.सं.)।** स्थानीय आसेरी गेस्ट हाउस में आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी हेतु चूरू जिला बैठक व लाभार्थी कार्यशाला की बैठक जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा की अध्यक्षता मे आयोजित की गई।

कार्यक्रम में राजस्थान सरकार में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग मंत्री अविनाश गहलोत चूरू विधायक हरलाल सहारण, प्रदेश मंत्री डॉ वासुदेव चावला, जिला संगठन प्रभारी रामगोपाल सुथार, लोकसभा संयोजक ओम सारस्वत, जिला प्रमुख वन्दना आर्य, पूर्व सासंद रामसिंह कस्वां, लाभार्थी प्रशिक्षण प्रभारी भजनलाल रोलन, पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवां, संतोष मेघवाल, सुमित्रा पूनियां, राकेश जांगिड़, जमरदीन तेली, दौलत तंवर, फतेहचन्द सोती, योगिता प्रजापत मचस्थ अतिथी थे। इस अवसर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव हम सब कार्यकर्ताओ के लिए महत्वपूर्ण चुनाव है और यह चुनाव जिसमें प्रत्येक कार्यकर्ता का दायित्व है कि वो दिन रात एक करके प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार प्रचण्ड बहुमत की सरकार बनाये उन्होने केन्द्रिय योजनाओं की चर्चा करते हुऐ कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का यह स्पष्ट निर्देश है कि शासन का लाभ देश के हर जरूरतमंद तक पहुचे उन्होने कहा कि जिस प्रकार कार्यकर्ताओ के मेहनत से प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है उसी प्रकार कार्यकर्ता मेहनत करके प्रदेश की 25 की 25 सीटे भाजपा की सरकार बनाने के लिए दिन रात मेहनत करें।

इस अवसर पर विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि जब से प्रदेश में डबल इंजन की सरकार बनी है इस सरकार ने गांव गरीब को विकसित करने के लिए कदम उठाये है उन्होने कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जहां छोटे से छोटे कार्यकर्ता को भी सम्मान दिया जाता है। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री डॉ वासुदेव चावला ने कहा कि जब से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बागडोर सभाली है तब से ही भारत विश्व के मानचित्र पर अपनी पहचान बनाने में जुटा हुआ है। उन्होने विश्वास व्यक्त करते हुऐ कहा कि वह दिन दुर नही जब भारत विश्व की सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनकर उभरेगा। उन्होने देश और प्रदेश की सरकार के कार्यों की चर्चा की।

## झुंझुनूं तहसील कार्यालय का निरीक्षण किया

**झुंझुनूं (निसं)।** जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल ने मंगलवार को झुंझुनू तहसील कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान जिला कलेक्टर ने तहसील की सभी शाखाओं का गहनता से निरीक्षण किया। कलक्टर ने तहसीलदार सुरेंद्र सिंह चौधरी एवं संबंधित कार्मिकों से लंबित प्रकरणों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि आमजन के कार्य संवेदनशीलता से किए जाएं वहीं लंबित राजस्व प्रकरणों का जल्द से जल्द निस्तारण कर आमजन को राहत प्रदान की जाए।

इस दौरान उन्होंने तहसील परिसर में साफ सफाई करने के निर्देश दिए ।इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर डॉ नरेंद्र थोरी भी मौजूद रहे।

## विधायक को ज्ञापन सौंपा

**खेतड़ी, ( निसं )** खेतडी क्षेत्र के शराब ठेकेदारों ने मंगलवार को राज्य सरकार की ओर से पूर्व में लगाई गई पैनल्टी हटाने की मांग को लेकर विधायक को ज्ञापन सौपा है। विधायक इंजी धर्मपाल गुर्जर को मुख्यमंत्री के नाम दिए ज्ञापन में बताया कि कोरोना कल में सार्वजनिक कार्यक्रमों पर रोक व काम धंधे बंद होने के कारण लोगों की आर्थिक हालात काफी खराब हो गई थी।

इसके बावजूद भी आबकारी विभाग व सरकार की गलत नीतियों के कारण शराब विक्रेताओं के साथ हुए अनुबंध को तोड दिया गया था। दुकान खोलने के समय में बदलाव होने के चलते शराब व्यापारियों को काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है। शराब ठेकेदारों को हो रहे आर्थिक नुकसान को लेकर पिछले काफी समय से उच्च अधिकारियों के समक्ष प्रतिनिधि मंडल की ओर से वार्ता कर उन्हें राहत देने की मांग की गई थी, लेकिन सरकार की हठधर्मिता के कारण शराब नीति को बदला नहीं गया, जिससे परेशान होकर ठेकेदारों की ओर से प्रदेश स्तर पर आंदोलन भी किए गए थे। सरकार की ओर से शराब ठेकेदारों पर पेनल्टी लगा देने से उन्हें काफी नुकसान उठाना पडा। वहीं धरोहर राशि नहीं लौटने पर उनकी संपत्तियों को नीलाम किया जा रहा है, जिसके चलते आर्थिक रूप से परेशान कई शराब ठेकेदारों ने आत्महत्या कर ली। इसके बावजूद भी सरकार ने सरकार ने शराब नीति में कोई बदलाव नहीं किया।

### कार्यालय
### सुनील गनोलिया, एडवोकेट
### कस्बा राजगढ़ जिला चूरू

क्रमांक :- 01 दिनांक 26.02.2024

**सर्व साधारण सूचना**

मैं सुनील गनोलिया एडवोकेट, मेरे मुवक्किला नजमा बानो पत्नी इशाक मोहम्मद आयु 47 वर्ष जाति तैली निवासी वार्ड नंबर 29 नया 39 मोहल्ला तेलिया नेतजी मंदिर के पास, कस्बा राजगढ़ तहसील राजगढ़ जिला चूरू की हिदायतानुसार सर्वसाधारण को घोषणा करता हूं :-

1. यह कि मेरी मुवक्किला नजमा बानो पत्नी इशाक मोहम्मद आयु 47 वर्ष जाति तैली निवासी वार्ड नंबर 29 नया 39 मोहल्ला तेलिया नेतजी मंदिर के पास, कस्बा राजगढ़ तहसील राजगढ़ जिला चूरू की रहने वाली है। मेरी मुवक्किला की शादी करीब 36 वर्ष पूर्व इशाक मोहम्मद तेली पुत्र अली मोहम्मद तली निवासी वार्ड नंबर 29 कस्बा राजगढ़ जिला चूरू के साथ हुई थी। मेरी मुवक्किला के चार लड़किया व दो लड़के जो बलिग है। तीन लड़कियों व एक लड़के की शादी मेरी मुवक्किला ने कर दी है।

2. यह कि मेरी मुवक्किला नजमा बानो पत्नी इशाक मोहम्मद तेली के गत समय से दिमाकी रूप से बिमार है, जिनका मनोरोग चिकित्सक डॉ. ओ.पी. सोलंकी निवासी हनुमानगढ़ से काफी समय से दवाई चल रही है। जिस दिमाकी बिमारी के कारण मेरे मुवक्किला का पति अपने भले-बुरे फैसले लेने में सक्षम नहीं है।

3. यह कि मेरे मुवक्किला नजमा बानो पत्नी इशाक मोहम्मद तेली हिदायतानुसार उसका पति इशाक मोहम्मद तेली अगर किसी प्रकार का कर्जा व उधार व किसी प्रकार का कोई लेन-देन करता है, तो वह उसके स्वयं की जिम्मेदारी होगी तथा मेरे मुवक्किला व उसके परिवारजनों का कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। तथा मेरे मुवक्किला का पति इशाक मोहम्मद तेली किसी प्रकार का कोई अपराध करता है, तो उसका जिम्मेदार वह स्वयं होगा।

अतः सर्व साधारण को सूचति किया जाता है कि मेरे मुवक्किला के पति इशाक मोहम्मद तैली से अगर किसी प्रकार का कर्जा व उधार व किसी प्रकार का कोई लेन-देन करता है, तो वह उसके स्वयं की जिम्मेदारी होगी। मेरे मुवक्किला व उसके परिवारजनों की कोई जिम्मेदार नहीं होगी।

नोटः- आम सूचना में कहीं भी मेरे लघु हस्ताक्षरों के सिवाय कोई कांट-छांट नहीं की गई है। आम सूचना की फोटो प्रति मैंने अपने कार्यालय में सुरक्षित रख ली है।

दिनांकः- 26.02.2024
भवदीय
सुनील गनोलिया एडवोकेट, राजगढ़
जिला चूरू

### कार्यालय नगर परिषद सुजानगढ़ (चूरू) राजस्थान

E-mail id:- nps222419@gmail.com Phone no. 01568-222419

क्रमांक :—न.प.सु/स्टोर शाखा/2024/9034 दिनांक :— 21.02.2024

**—: ई-निविदा सूचना-2024-25 :—**

नगर परिषद सुजानगढ़ द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यों के लिये उपयुक्त सक्षम श्रेणी के राज्य सरकार के विभागों में प्रजीकृत ठेकेदारों/फर्मों से निविदा दिनांक 05.03.2024 तक आमन्त्रित की जाती है। निविदा प्रपत्रों को वेबसाईट https://eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड कि जा सकता है एवं निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेबसाईट www.sppp.raj.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। निविदा का बीड कमांक (DLB2324SLOB32934) है। कार्यालय समय में किसी भी कार्य दिवस को नगर परिषद सुजानगढ के कार्यालय में एवं सूचना बोर्ड पर देखी जा सकती है।

राज.संवाद/सी/23/13709 आयुक्त, नगर परिषद सुजानगढ

### कार्यालय ग्राम पंचायत भालेरी
### पंचायत समिति तारानगर, चूरू

क्रमांक :- एफ()/23-24/49-50 दिनांक 26.02.2024

**ई-निविदा सूचना संख्या 02/2023-24**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्नलिखित कार्य के उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत संवेदकों जो राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदों से समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेंडरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा http://sppp.rajasthan.gov.in, htttps://eproc.rajasthan.gov.in पर भी देखी जा सकती है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू में) | धरोहर राशि | निविदा शुल्क | प्रोसेसिंग फिस | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सी सी रोड निर्माण कार्य मस्जिद के आगे 200 मीटर गुणा 7 मीटर भालेरी | 13.44 | 26880 | 1000 | 500 | 4 माह |

| | |
|---|---|
| 2 प्रोसेसिंग फीस | प्रोसेसिंग शुल्क बजट मद 8658-00-102 -16-01 (सिविल) मद में जमा कराना होगा |
| 3 निविदा शुल्क व अमानत राशि | डी डी सरपंच ग्राम पंचायत भालेरी |
| ऑनलाईन फार्म डाउनलोड/अपलोड करने की दिनांक | दिनांक 27.02.2024 को समय प्रातः 11.00 बजे से दिनांक 07.03.2024 को सांय 06.00 बजे तक |
| निविदा शुल्क एवं प्रोसेसिंग शुल्क व अन्य दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि | दिनांक 08.03.2024 को समय दोपहर 01.00 बजे तक |
| ऑनलाईन निविदा खोलने की दिनांक | दिनांक 08.03.2024 को दोपहर 03.00 बजे |

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत भालेरी**
**पंचायत समिति, तारानगर (चूरू)**

**सरपंच**
**ग्राम पंचायत भालेरी**
**पंचायत समिति, तारानगर (चूरू)**

### कार्यालय ग्राम पंचायत नेठवा
### पंचायत समिति तारानगर, चूरू

क्रमांक :- एफ()/23-24/229-33 दिनांक 27.02.2024

**ई-निविदा सूचना संख्या 03/2023-24**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्नलिखित कार्य के उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत संवेदकों जो राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदों से समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेंडरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा http://sppp.rajasthan.gov.in, htttps://eproc.rajasthan.gov.in पर भी देखी जा सकती है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू में) | धरोहर राशि | निविदा शुल्क | प्रोसेसिंग फिस | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रा.मा.व.के खेल मैदान में स्टेडियम निर्माण कार्य भलाउ ताल | 14.60 | 29200 | 1000 | 500 | 6 माह |

| | |
|---|---|
| 2 प्रोसेसिंग फीस | प्रोसेसिंग शुल्क बजट मद 8658-00-102 -16-01 (सिविल) मद में जमा कराना होगा |
| 3 निविदा शुल्क व अमानत राशि | डी डी सरपंच ग्राम पंचायत नेठवा |
| ऑनलाईन फार्म डाउनलोड/अपलोड करने की दिनांक | दिनांक 28.02.2024 को समय प्रातः 11.00 बजे से दिनांक 12.03.2024 को सांय 06.00 बजे तक |
| निविदा शुल्क एवं प्रोसेसिंग शुल्क व अन्य दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि | दिनांक 13.03.2024 को समय दोपहर 01.00 बजे तक |
| ऑनलाईन निविदा खोलने की दिनांक | दिनांक 13.03.2024 को दोपहर 03.00 बजे |

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत नेठवा**
**पंचायत समिति, तारानगर (चूरू)**

**सरपंच**
**ग्राम पंचायत नेठवा**
**पंचायत समिति, तारानगर (चूरू)**

### प्राधिकृत अधिकारी का कार्यालय नगर परिषद, सीकर

**लोक सूचना**

क्रमांकः- 19733 दिनांक 26.02.2024

अधोहस्ताक्षरकर्ता की जानकारीमें यह लाया गया है कि तहसील सीकर के खसरों का 30 दिसंबर 2021से पूर्व की कालावधि से गैर-कृषिक प्रयोजनों यानि आवासीय उपयोग किया जा रहा है। खसरों का विवरण निम्नानुसार है।

| क्र. सं. | ग्राम | खसरा नंबर | रकबा | किस्म | खातेदार का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | खिचड़ों का बास | 726/645<br>728/645 | 0.1100<br>0.0700 | बारानी 1<br>बारानी 1 | 1. प्रभू सैनी पुत्र बोदूराम हिस्सा-पूर्ण जाति माली निवासी छापोली तह. उदयपुरवाटी खातेदार |
| 2 | खिचड़ों का बास | 727/645 | 0.1800 | बारानी 1 | 1. फूलचन्द पुत्र रामदेव हिस्सा-पूर्ण जाति जाट निवासी छापोली तह. उदयपुरवाटी खातेदार |
| 3 | खिचड़ों का बास | 729/645 | 0.0700 | बारानी 1 | 1.प्रभू सैनी पुत्र बोदूराम हिस्सा-पूर्ण जाति माली निवासी छापोली तह. उदयपुरवाटी खातेदार<br>1. फूलचन्द पुत्र रामदेव हिस्सा-पूर्ण जाति जाट निवासी छापोली तह. उदयपुरवाटी खातेदार |

और इसलिये उक्त भूमियां उसके भाग में खातेदारी अधिकार/हित राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90क की उपधारा (8) अधीन प्रर्यवसित किये जाने के दायी है।

अतः इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि इस सूचना की प्राप्ति की प्रकाशन की तारीख से 7 दिन के भीतर कारण बताये कि क्यों न उक्त भूमि में आपके अधिकारों और हित को पर्यवसित कर दिया जावे और इसलिये क्यों न भूमि को राज्य सरकार में समस्त विल्लघनों से मुक्त निहित किया जा सके। उक्त अवधि के लिये प्रकरण से संबंधित समस्त दस्तावेज आमजन/हितबद्ध व्यक्ति के लिये कार्यालय की कृषि भूमि (90-ए) शाखा में देखने, पढ़ने एवं नकल प्राप्त करने हेतु खुला रखा गया है।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन दिनांक 26.02.2024 को जारी की जाती है। खातेदारों के पुख्ता सबूतों के अभाव में उक्त सूचना को जरिये डाक से भिजवाने के साथ-साथ उक्त आवासीय कॉलोनी के आस-पास चस्पा भी किया गया है।

नोट :- उक्त सूचना को व्यक्तिगत नोटिस समझ जावे।

**शशिकान्त शर्मा**
**प्राधिकृत अधिकारी एवं**
**आयुक्त**
**नगरपरिषद, सीकर**

